तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

अघरिया भवन में सावन तीज महोत्सव की रंगारंग धूम



## खबर संक्षेप

### अभिनव के एनएसएस ने कलमी मंदिर में दी सेवाएं

**पुसौर।** अभिनव विद्यामंदिर पुसौर के एनएसएस छात्रों ने स्कूल प्रमुख अक्षय कुमार सतपथी के मार्गदर्शन में श्रावण मास के अंतिम सोमवार को कलमी शिवालय में सेवा कार्य किया। एनएसएस प्रभारी विश्वजीत साव, वरिष्ठ शिक्षक उमेश साव और ताराचंद गुप्ता के नेतृत्व में लगभग 50 छात्र सुबह 10 बजे मंदिर पहुंचे। विद्यार्थियों ने कतार में लगे श्रद्धालुओं को पानी पिलाया, खोए हुए सामान की तलाश में मदद की और प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

### छात्रों ने किसान के खेत में लगाया रोपा



**पुसौर।** अभिनव स्कूल पुसौर के कृषि संकाय के लगभग 25 छात्रों ने अपने अध्ययन के तहत पुसौर के कृषक संकरी गुप्ता के खेत में धान की रोपाई की। कृषि संकाय के अध्यापक ओम प्रकाश साहू और संकुतला प्रधान ने बताया कि छात्र हर वर्ष अध्ययन के दौरान विभिन्न किसानों के खेतों में जाकर धान, दलहन, तिलहन और मूंगफली की बुआई की विधियां व्यावहारिक रूप से सीखते हैं। इसके लिए स्कूल प्रमुख अक्षय कुमार सतपथी और वरिष्ठ शिक्षक उमेश साव ऐसे किसानों का चयन करते हैं, जो फसल की तैयारी कर रहे हों।

### 6 अगस्त को मेडिकल बोर्ड का आयोजन

**सारंगढ़।** जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में सामान्यजन और दिव्यांग जनों के लिए बुधवार, 6 अगस्त को मेडिकल बोर्ड का आयोजन किया जाएगा। इसमें नाक, कान, गला, शिशु रोग, हड्डी रोग, मेडिसिन आदि के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। इच्छुक लोग निर्धारित तिथि को पहुंचकर अपनी जांच एवं परामर्श प्राप्त कर सकेंगे।

### विद्यार्थियों को मिला फायर सेफ्टी का प्रशिक्षण



**रायगढ़।** संस्कार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को होमगार्ड की डिजास्टर मैनेजमेंट टीम ने आगजनी से बचाव का प्रशिक्षण दिया। प्राचार्या रश्मि शर्मा ने बताया कि मार्गदर्शक रामचंद्र शर्मा के निर्देशन में टीम ने फायर ब्रिगेड का उपयोग, गैस सिलेंडर में आग लगने पर बचाव, इलेक्ट्रिक आग बुझाने में कार्बन डाईऑक्साइड का उपयोग, और शरीर में आग लगने पर तुरंत बचने के उपाय बताए। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण की शुरुआत असेम्बली ग्राउंड में थ्योरी क्लास से हुई, जिसके बाद प्रायोगिक प्रदर्शन में गीले कंबल, पानी, बाल्टी और ऑक्सीजन की आपूर्ति रोकने के तरीकों से आग बुझाने के उपाय सिखाए गए। अंत में फायर ब्रिगेड से पानी की बौछार करने की विधि भी प्रदर्शित की गई।

### बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता परेशान

**बिर्रा।** बिजली की आंख मिचौली व लो वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण परेशान है। धीवर मुहल्ला व घनवापारा के लोग अघोषित कटौती व पानी की किल्लत के साथ ही दोहरा मार झेलने मजबूर हो रहे है। बावजूद इसके मंडल के अधिकारी कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे है। बिजली की आंख मिचौली व लो वोल्टेज बढ़ती जा रही है। मजेदार बात यह है कि मोहल्ले के एक तरफ पूरा लाइट रहता है तो दूसरी तरफ आधे उपभोक्ता को लो वोल्टेज से परेशान रहते हैं।


# आईआईटी गांधीनगर के केमिस्ट्री टीचर एडवाइजरी बोर्ड में शामिल हुए नैमिष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शिक्षा गुणवत्ता अभियान उत्कर्ष छू लो आसमान के तहत रायगढ़ जिले ने एक और उपलब्धि हासिल की है। पुसौर विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसौर में रसायन शास्त्र के व्याख्याता नैमिष कुमार पाणिग्राही का चयन आईआईटी गांधीनगर के केमिस्ट्री टीचर एडवाइजरी बोर्ड में किया गया है। देशभर के केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, सीबीएसई एवं राज्य बोर्ड के शिक्षकों में से चयन प्रक्रिया के तहत केवल 10 शिक्षकों को आमंत्रित किया गया, जिनमें से नैमिष पाणिग्राही छत्तीसगढ़ के एकमात्र प्रतिनिधि और सभी में सबसे युवा सदस्य बने। यह उपलब्धि न केवल पुसौर विकासखंड बल्कि पूरे रायगढ़ और छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है।

**खास बात**

- रायगढ़ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन, छत्तीसगढ़ से चयनित एकमात्र शिक्षक



### कठिन चयन प्रक्रिया के बाद मिली सफलता

चयन के लिए शिक्षकों से बायोडाटा के साथ कक्षा गतिविधियों का वीडियो लेक्चर मंगाया गया, फिर इंटरव्यू के बाद अंतिम सूची तय हुई। नैमिष पाणिग्राही ने अपनी रचनात्मक शिक्षण शैली और प्रयोग आधारित दृष्टिकोण से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया।2

### तीन दिवसीय कार्यशाला में दी अहम भागीदारी

आईआईटी गांधीनगर स्थित सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग द्वारा 29 से 31 जुलाई तक आयोजित कार्यशाला में ग्रीन केमिस्ट्री और माइक्रो केमिस्ट्री को बढ़ावा देने, माइक्रो क्लास लैब विकसित करने और विशेष रसायन किट तैयार करने पर काम हुआ। पहले दिन प्रयोगों को विभिन्न कक्षाओं के अनुरूप मैप किया गया, दूसरे दिन विद्यालयों में लागू करने की योजना पर चर्चा हुई और तीसरे दिन शिक्षकों ने स्वयं प्रयोग कर सुझाव दिए। नैमिष पाणिग्राही के सुझावों को टीम ने सराहा और अपनाया भी।

## सापों के गढ़ में आदिवासी बच्चे पढ़ने और रहने को मजबूर

# एकलव्य स्कूल में काल का साया: रेंगती मौत गिरते प्लास्टर से बच्चों की जान पर खतरा..!

हरिभूमि न्यूज ⏭ जितेन्द्र मेहर

खरसिया ब्लॉक के छोटे मुड़पार स्थित एकलव्य आदिवासी आदर्श स्कूल काल का साया बन गया है। यहां रोजाना जहरीले सांप निकल रहे हैं और स्कूल भवन भी अति जर्जर अवस्था में होने से क्लासरूम सहित अन्य कमरों में छत का प्लास्टर गिर रहा है। इस तरह आदिवासी बच्चों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। इस बात की जानकारी होने के बावजूद जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं। जिससे यह कहा जा रहा है कि आखिर शासन-प्रशासन किस काम का है।

दरअसल एकलव्य आदिवासी आदर्श विद्यालय की हालत अत्यधिक जर्जर है। 420 सीटर वाले इस आवासीय विद्यालय में 334 बच्चे अध्ययनरत हैं। स्कूल के भीतर पहुंचने पर ऐसा लगता है किसी पुराने जमाने के खंडहर में आ गए हो। क्लास के भीतर खिड़कियां टूटी हुई हैं, दीवारों में सीपेज है, छत से प्लास्टर गिर रहे हैं और नीचे फर्स की दरारें बच्चों और शिक्षकों के लिए मुसीबत बनी हुई है। क्योंकि स्कूल में लगातार जहरीले सांप निकल रहे हैं। अब तक दर्जनभर से अधिक सांप यहां निकल चुके हैं, जिससे यहां पढ़ने वाले और यहीं के हॉस्टल में रहने वाले बच्चों के जान पर हर वक्त खतरा मंडरा रहा है। जहां एक ओर भवन जर्जर होने से कभी भी बच्चों के उपर छत का प्लास्टर गिर सकता है तो यहां निकलने वाले सांप कभी भी उन्हें अपना शिकार बना सकते हैं। यहां के प्राचार्य कक्ष की हालत भी दयनीय है। इस कमरे की दीवार छत से अलग हो गई है। बारिश में कमरों के छत से पानी टपकता है, ऐसी ही स्थिति में बच्चे यहां शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं।




### जर्जर शौचालय की भी नहीं हो पाई मरम्मत

जानकारी के अनुसार यहां के शौचालय जर्जर होने की वजह से ढाई साल पहले पूरी तरह टूट गया है। चौकाने वाली बात यह है कि अब तक स्थानीय प्रशासन द्वारा इसका मरम्मत नहीं कराया गया है। जिससे बच्चों को शौच जाने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### सांप से बचने मच्छरदानी का ले रहे सहारा

स्कूल के अलावा हॉस्टल के कमरों में भी कई बार सांप निकल चुका है। रेंगती मौत से बचने के लिए बच्चों द्वारा खिड़की को बंद कर दिया गया है, वहीं बिस्तर पर मच्छरदानी लगा दिया गया है, ताकि सांप घुस न सके। इस तरह बच्चे यहां जान जोखिम में डाल कर पढ़ने और रहने को मजबूर हैं, लेकिन जिम्मेदारों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।

### बच्चों ने कहा खाने में निकलता है कीड़ा

बच्चों को यहां मिलने वाले खाने की गुणवत्ता भी अच्छी नहीं है। इस तरह आदिवासी बच्चों के साथ छलावा किया जा रहा है। पूछने पर बच्चों ने बताया कि कई बार उनके खाने में कीड़ा निकलता है, लेकिन वो अपनी शिकायत करें भी तो किससे। इस तरह यहां रहने वाले बच्चों को गुणवत्तायुक्त भोजन तक नसीब नहीं हो पा रहा है।

### बच्चे खुद लगाते हैं झाड़ू

हॉस्टल की हालत भी बद से बदतर है। स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने के बाद बच्चे हॉस्टल में रह कर पढ़ाई करते हैं, लेकिन हॉस्टल के छत का प्लास्टर बच्चों के उपर गिर रहा है। बाथरूम से आने वाले बदबू से बच्चे परेशान हैं। यहां खुद बच्चों को ही झाड़ू लगाना पड़ता है, ऐसे में कैसे यहां पढ़ने वाले बच्चे अपना भविष्य गढ़ पाएंगे यह सबसे बड़ा सवाल है।

### कुर्सी-टेबल टूटे, बिस्तर पर खाते हैं खाना

बच्चों के पास खाना खाने के लिए रखे कुर्सी-टेबल भी पूरी तरह टूट गए हैं। प्रशासन द्वारा न तो कुर्सी-टेबल मंगाया जा रहा है और न ही उनका मरम्मत कराया जा रहा है। जिससे बच्चे मजबूरन सोने वाले बिस्तर में बैठ कर खाना खाते हैं। क्योंकि जमीन पर रेंगती मौत के डर से वो खाना खाने से कतराते हैं।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने उठाया मामला, पहुंची जांच टीम

मामले की जानकारी जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रविंद्र गबेल को मिली तो उन्होंने स्कूल और हॉस्टल पहुंच कर मौके का जायजा लिया। इसके बाद इस मुद्दे को जिला पंचायत के सामान्यसभा में भी उठाया गया। इसके बाद 19 जुलाई को खरसिया एसडीएम व कुछ दिन पहले रायगढ़ कलेक्टर भी जांच के लिए मौके पर पहुंचे थे। फिलहाल अधिकारी जांच कर वापस लौट गए हैं, जिससे स्कूल प्रबंधन मे एक उम्मीद की किरण जगी है

### आए थे कलेक्टर

स्कूल और छात्रावास भवन काफी पुराना होने से इसकी हालत जर्जर है। मेरे द्वारा कई बार इस संबंध में उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई थी। कुछ दिन पहले ही कलेक्टर सर यहां निरीक्षण पर आए थे। उम्मीद है कि आगे चल कर कुछ अच्छा होगा।

**अरूण कुमार सिंह**
प्रिंसिपल, एकलव्य आदर्श विद्यालय, छोटे मुड़पार

### छात्रों के लिए आयोजित होगी प्रतियोगिता

**रायगढ़।** प्रतिभा सम्मान योजना 2025 के प्रारंभिक परीक्षा के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन के लिए दिशा निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी हो गए है। अंतिम तिथि 30 अगस्त निर्धारित किया गया है। इसके लिए भूपेंद्र पटेल एपीसी समग्र शिक्षा को जिला नोडल अधिकारी बनाया गया है। यह तीन प्रकार के प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता लिखित परीक्षा के रूप में आयोजित की जाती है, इस परीक्षा में शासकीय, अनुदान प्राप्त, नवोदय, केंद्रीय विद्यालय और अशासकीय शाला में कक्षा तीसरी से 12 वीं तक अध्ययनरत किसी भी संकाय, वर्ग, समूह के विद्यार्थी को भाग लेने की पात्रता होगी। प्रतिभा सम्मान योजना में छात्रों में रचनात्मक कौशल एवं ललित कलाओं का विकास करना, मेघावी छात्रों को पीएसवाई के अंतर्गत चयन कर योग्य उम्मीदवारों को जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय अलंकरण प्रदान करते हुए कुछ चयनित छात्रों को कुल एक लाख की छात्रवृत्ति भी तीन वर्ष में प्रदान की जाती है। प्रतिभा सम्मान योजना अंतर्गत राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। जिसमें वर्ष 2025 में कक्षा 03 से 12 वी में अध्ययनरत छात्र भाग लेने हेतु पात्र होंगे। इस प्रतियोगिता में किसी भी संकाय, समूह, वर्ग और माध्यम के छात्र और छात्रायें भाग ले सकते है। प्रतियोगिता के लिए कुल 06 विषय भारतीय सैनिकों के परेड ग्राउंड का दृश्य, परेड करने की मुद्रा में, विद्यालय के खेल का मैदान बच्चों के खेलने के दृश्य सहित देश के प्रधानमंत्री एवं आपके प्रदेश के मुख्यमंत्री की आपसी वार्ता का चित्र प्रफुल्लित मुद्रा में एवं ग्रामीण जीवन का प्रातः काल का प्रदेश दृश्य निश्चित है।

## नटवर स्कूल में अनुपस्थित छात्रों से वसूले जाते हैं 50 से 100 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के प्रतिष्ठित आत्मानंद स्कूल नटवर स्कूल रायगढ़ में कई प्रकार की अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। एनएसयूआई के जिला सचिव गौरव साव ने जनदर्शन में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए स्कूल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत में गौरव ने बताया कि स्कूल में छात्रों से जबरन जुर्माना वसूला जा रहा है। 11वीं-12वीं के छात्रों से अनुपस्थिति होने पर 50 रुपए और हाई स्कूल के छात्रों से 10 रुपए प्रतिदिन का जुर्माना लिया जाता है, जो अन्यायपूर्ण और गैरकानूनी है। साथ ही कंप्यूटर शिक्षक पर आरोप लगाते हुए कहा कि वो स्कूल में धुम्रपान करते हैं आज तक एक भी क्लास नहीं लिए हैं। जब छात्रों ने इसकी शिकायत प्राचार्य से की तो उन्होंने शिक्षक का पक्ष लेते हुए उल्टा छात्रों को ही डांट दिया। गौरव ने आरोप लगाते हुए कहा कि समर कैंप के लिए शासन से मिले 1 लाख 45 हजार रुपए की राशि का दुरुपयोग किया गया है।

# लैलूंगा रेंज से होते हुए ओडिशा सीमा में पहुंचा बाघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



लैलूंगा रेंज में विचरण कर रहे बाघ की ओडिशा सीमा में पहुंचने की जानकारी सामने आई है। हालांकि बाघ वापस रायगढ़ जिले में आ सकता है, इसलिए वन विभाग की टीम द्वारा लगातार ट्रैकिंग कर रही है। दरअसल अब तक किसी ग्रामीण या वन विभाग की टीम ने बाघ को नहीं देखा है। इतना ही नहीं विभाग द्वारा लगाए गए 10 ट्रैप कैमरों में भी बाघ की तस्वीर कैद नहीं हो पाई है, लेकिन छाल के बाद घरघोड़ा और फिर लैलूंगा रेंज में कई स्थानों पर उसके पदचिन्ह मिले हैं। बताया जा रहा है कि उक्त बाघ लैलूंगा रेंज के जंगल से ओडिशा की ओर आगे बढ़ गया है, जहां ओडिशा के जंगलों में भी उसी वन्यप्राणी के पदचिन्ह देखे गए हैं। ज्ञात हो कि बाघ के पदचिन्ह सबसे पहले 29 जुलाई को छाल रेंज के हाटी गांव में देखे गए थे। इसके बाद यह पुरुंगा, सामरसिंघा होते हुए लैलूंगा रेंज की ओर बढ़ा। सोमवार को इसके पदचिन्ह नहरकेला और गेरूपानी के पास मिले। वन विभाग ने अनुमान लगाया है कि यदि बाघ आगे बढ़ता है तो वह ओडिशा की सीमा में प्रवेश करेगा। यदि लौटता है तो तमनार रेंज की ओर आएगा। अब यह स्पष्ट हो चुका है कि बाघ लिबरा बीट के जुमना जंगल को पार कर ओडिशा के जंगल में पहुंच गया है। इस जानकारी के बाद धरमजयगढ़ वन मंडल के अधिकारियों ने ओडिशा के वन विभाग को इस बारे में सूचना दी है। बाघ अब ओडिशा के जंगल में प्रवेश कर चुका है। ऐसे में ओडिशा की सीमा से लगे गांवों में भी मुनादी कराकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

### सोशल मीडिया में वायरल होता रहा रहा फेक वीडियो

मंगलवार की सुबह से सोशल मीडिया प्लेटफार्म वाट्सअप और फेसबुक में एक फेक वीडियो तेजी से वायरल होता रहा। जिसमें कहा जा रहा था कि उक्त वीडियो लैलूंगा के गेरूपानी पुल का है, जिसमें बाघ पुल की रेलिंग में बैठ कर दहाड़ता नजर आ रहा है। जबकि सच्चाई यह है कि उक्त वीडियो मध्य प्रदेश के छतरपुर का है, जोकि एक माह पहले सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। इस संबंध में धरमजयगढ़ वन मंडल के अधिकारी भी उक्त वीडियो को फेक बताते हुए अफवाहों से बचने की बात कर रहे हैं।

**कोर्ट ने आरोपी को अर्थदंड से भी किया दंडित**

# मासूम से अनाचार की कोशिश, हैवान को 20 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कबाड़ बिनने के बहाने से 6 वर्षीय बालिका का अपहरण कर अन्यत्र रखते हुए उसके साथ अनाचार करने की कोशिश करने वाले आरोपी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीएससी पॉक्सो न्यायालय ने 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है और 8 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदण्ड जमा नहीं करने पर आरोपी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अगस्त 2023 में पीड़िता की मां ने सिटी कोतवाली में मौखिक शिकायत करते हुए बताया था कि घरेलू विवाद के चलते वह अपनी बेटी 6 साल की बेटी व 10 साल बेटा को लेकर शहर के केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड के यात्री प्रतीक्षालय में रहती थी। वहीं होटल में काम कर बच्चों का भरण पोषण कर रही थी। इस दौरान जशपुर जिले के कांसाबेल थाना क्षेत्र के ग्राम केछवाकानी निवासी कैलाश राजपूत भी यात्री प्रतीक्षालय में रह कर उनके बगल में ही सोता था और कबाड़ बिनने का काम करता था। 11 अगस्त 2023 को वह बुखार के कारण प्रतीक्षालय में सो रही थी और उसका बेटा व बेटी खेल रहे थे। तभी शाम 4 बजे पीड़िता के भाई ने अपनी मां को जगाते हुए बताया कि पीड़िता को कैलाश राजपूत बुलाकर कहीं ले गया है, जिसे आसपास पतासाजी की, लेकिन पता नहीं चला। इस पर पीड़िता की मां ने कोतवाली थाने में मौखिक शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 363, 368 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया। पतासाजी के दौरान पुलिस ने 15 अगस्त को पीड़िता को सेवा भारती मातृछाया जबलपुर से बरामद कर रायगढ़ लाया। पूछताछ के दौरान पीड़िता ने बताया कि आरोपी कैलाश राजपूत कबाड़ बिनने के लिए अपने साथ ले गया था, जहां रेलवे स्टेशन में रखा और सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश करता था। वहीं चिल्लाने पर उसके साथ मारपीट करते हुए मारकर फेंकने की भी धमकी देता था। इस खुलासे के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 323, 506, 366 (क) 376 (2) व लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 06 पॉक्सो एक्ट जोड़ते हुए आरोपी कैलाश को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। उभयपक्ष की सुनवाई के बाद अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीएससी पास्को न्यायालय के पीठासीन अधिकारी देवेन्द्र साहू ने आरोपी कैलाश राजपूत को अलग-अलग धाराओं में 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 8 हजार के अर्थदण्ड से दंडित किया है। इस मामले की पैरवी अपर लोक अभियोजक मोहन सिंह ठाकुर ने की है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़, काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

**खबर संक्षेप**

### युवक ने अपने ही घर में लगा दी आग

**जशपुरनगर।** जिले के उपरकछार पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम अबीरा में सोमवार को एक सनसनीखेज घटना हुई। प्याज नहीं मिलने से नाराज एक युवक ने शराब के नशे में अपने ही दो मकानों में आग लगा दी। जानकारी के अनुसार गणेश साय नामक युवक दोपहर करीब 12 बजे शराब के नशे में मछली पका रहा था। इस दौरान प्याज नहीं मिलने पर वह उग्र हो गया और गुस्से में अपने दोनों घरों को आग के हवाले कर दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और घर में रखे करीब 40 हजार रूपए नगद सहित सभी घरेलू समान जलकर राख हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा तफरी मच गई। सरपंच ने तुरंत फायर बिग्रेड को सूचना दी, जिसके बाद दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने बताया कि गणेश साय शराब का आदी है और अक्सर माता पिता से विवाद करता रहता है। एक दिन पहले भी उसने नशे में परिजनों के साथ मारपीट की थी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घटना के बाद से गांव में दशहत का माहौल है और पुलिस मामले की गंभीर जांच में जुटी है।

### जिले में अब तक 7191.2 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 7191.2 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 05 अगस्त तक की स्थिति में 5736.6 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 29.3 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 768.6 मिमी, मनोरा में 918.7 मिमी, कुनकुरी में 1034.5 मिमी, दुलदुला में 431.3 मिमी, फरसाबहार में 592.5 मिमी, बगीचा में 752.0 मिमी, कांसाबेल में 687.9 मिमी, पत्थलगांव में 638.1 मिमी, सन्ना में 843.4 मिमी एवं बागबहार में 524.2 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई।

कलेक्टर ने जनपद पंचायतों के कार्यों की समीक्षा की

# पीएम आवास में गड़बड़ी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : व्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में सभी जनपद पंचायतों के कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने पीएम आवास योजना के अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों को तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कुछ क्षेत्रों में पीएम आवास के संबंध में आ रही शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए सभी की जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विकासखंडों में अधिकारियों को जियो टैगिंग एवं अन्य जानकारियों की जांच कर योजना में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण सचिवालयों में सभी नोडल अधिकारियों द्वारा किये गए निरीक्षणों की



जनपद पंचायत के अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

जानकारी लेते हुए सचिवालयों के संबंध में प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय में निराकरण कराने को निर्देशित किया।

पीएम जनमन योजना के अंतर्गत आवास निर्माण का जायजा लेते हुए अक्टूबर तक निर्माण कार्यों को पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन अंतर्गत समूह गठन, एमआईएस, आरएफ, क्रेडिट लिंकेज, मुद्रा लिंकेज की स्थिति का जायजा लेते हुए मुद्रा लिंकेज एवं क्रेडिट लिंकेज में आवेदनों की स्वीकृति में आ रही समस्याओं का बैंक मैनेजरों के साथ मिलकर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों के द्वारा भुगतान की स्थिति का जायज़ा लेते हुए अधिक से अधिक प्रचार कर लोगों को इसकी जानकारी प्रदान करने एवं भुगतान की संख्या में वृद्धि कर नियमित संचालन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सामुदायिक शौचालयों एवं सेग्रिगेशन शेड के निर्माण कार्यों की स्थिति का जायज़ा लेते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक ग्राम स्तर पर घरेलू कचरे के डोर टू डोर कलेक्शन को प्रारम्भ कराने के लिए स्वसहायता समूहों की स्वच्छाग्रही दीदियों को प्रशिक्षण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत कार्यों में समय पर भुगतान एवं सोशल ऑडिट की भी जानकारी ली। उन्होंने समाज कल्याण विभाग अंतर्गत डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट के जारी करने हेतु चलाये जा रहे अभियान की भी समीक्षा की। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, सभी जनपद पंचायतों के सीईओ सहित पंचायतों में संचालित विभिन्न योजना के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध मादक द्रव्यों के विक्रय के विरुद्ध की जाए कार्रवाई : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- कलेक्टर ने की एनकोर्ड के कार्यों की समीक्षा

जिले में नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनकोर्ड) के कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभाकक्ष में मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, एडीएम प्रदीप कुमार साहू, एएसपी अनिल सोनी, सभी एसडीएम, एसडीओपी सहित स्वास्थ्य विभाग, आबकारी विभाग, पुलिस विभाग, यातायात विभाग, परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। इस बैठक में कलेक्टर ने जिले में कोटपा एक्ट के तहत की गयी कार्यवाहियों की जानकारी ली, इसके साथ ही एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की। उन्होंने पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत अवैध मादक पदार्थों के व्यापार में संलिप्त आदतन अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जिले में तस्कर एवं विदेशी मुद्रा छल साधक (संपत्ति संपहरण) अधिनियम (सफेमा) के तहत कार्यवाही करने के लिए पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने पुलिस विभाग, औषधि प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को संयुक्त दल बनाकर अवैध मादक द्रव्यों के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने हेतु कार्रवाई कर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी मेडिकल स्टोरों के संचालकों के साथ एसडीएमों को बैठक लेकर उन्हें बिना पर्ची अनुसूचित दवाइयां ना विक्रय करने, बच्चों को मादक द्रव्यों का विक्रय ना करने, मेडिकल स्टोरों में फार्मेसी में शिक्षा प्राप्त व्यक्ति अवश्य नियुक्त करने तथा सीसीटीव्ही लगाया जाना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी एसडीएमों को आकस्मिक रूप से मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण कर सीसीटीवी स्थापना एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही 2 स्थानों पर मेडिकल दुकानों में मानकों का पालन न करने पर हुई कार्रवाई की भी जानकारी ली।

उन्होंने नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ कार्यक्रम के तहत सभी स्कूलों, कालेज, शिक्षण संस्थानों के साथ साथ ग्राम सभाओं में लोगों को नशामुक्ति के लिए प्रेरित करते हुए शपथ दिलाने को कहा। उन्होंने नशामुक्ति के लिए अभियान की फ़ोटो अपलोड कर लोगों को डिजिटल सर्टिफिकेट प्रदान करने को कहा।

## हाथी से जनहानि के मामले में सहायता राशि प्रदत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वनमण्डलाधिकारी के निर्देशानुसार वन विभाग एवं आर.आर.टी. की टीम द्वारा हाथी प्रभावित क्षेत्रों के आस-पास के ग्रामों में हाथी होने की सूचना के लिए निरंतर मुनादि कराई जा रही है साथ ही जंगल की ओर निस्तार एवं अन्य प्रयोजन हेतु न जाने की समझाईश भी दी जा रही है। विभाग द्वारा हाथी द्वंद से जनहानि मामलों में भी त्वरित कार्यवाही करते हुए परिजनों को तत्कालिक सहायता राशि प्रदाय किया जा रहा है। इसी कड़ी में सन्ना तहसील के डुमरपाठ निवासी रमेश यादव का हाथी हमले से मृत हो जाने पर उनके परिजन हेतु तत्काल सहायता राशि प्रदाय किया गया।

वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जशपुर वनमण्डल अन्तर्गत बगीचा परिक्षेत्र के परिसर रेंगले के कक्ष क्रमांक पी 1331 एवं पी 1332 में रमेश यादव डुमरपाठ तहसील-सन्ना एवं अन्य 6 साथियों के साथ 3 अगस्त 2025 को लगभग 2.00 बजे छिपकर हाथी को देखने का प्रयास किया गया,कि अचानक विचरण कर रहे हाथियों का दल से सामना हो जाने के कारण सभी लोग भागने का प्रयास किये। जिसमें से 6 लोग मौका स्थल से भागने में सफल हो गये। किन्तु रमेश यादव वापस नहीं आया। मौका स्थल से वापस आये साथियों के द्वारा 3 अगस्त को वन विभाग के अमलों एवं ग्रामवासियों को श्री रमेश यादव के वापस न आने की सूचना दी गई। जिस पर वन विभाग की टीम त्वरित कार्यवाही करते हुए पतासाजी करते हुए 4 अगस्त 2025 को प्रातः6.30 बजे दूजा राम नगेसिया, साकिन गुरम्हाकोना, ग्राम पंचायत गुरम्हाकोना के निजी भूमि पर रमेश यादव का मृत शरीर पाया गया।

**जन्माष्टमी एवं प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर हुई बैठक**

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव : मटकी फोड़ प्रतियोगिता 17 अगस्त को

**जशपुरनगर।** श्री बालाजी जनकल्याण समिति द्वारा 16 और 17 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आयोजन हेतु तैयारियॉ जोरों से किया जा रहा है। इसी तारतम्य में श्री बालाजी मंदिर में समिति के अध्यक्ष मनोज रमांकत मिश्र की अध्यक्षता एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता के विशेष मार्गदर्शक संजय अग्रवाल और सुबोध गुप्ता की उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष श्री मिश्र ने बताया कि इस बार बड़े स्तर पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव और प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रतिवर्ष की भॉंति श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 16 अगस्त को श्री बालाजी मंदिर में भजन



संध्या के साथ प्रारंभ होगा और मटकी फोड़ प्रतियोगिता 17 अगस्त को जिला मुख्यालय के रणजीता स्टेडियम में दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। बैठक में चर्चा उपरांत प्रतियोगिता में टीमों के पंजीयन, कार्यक्रम के रूपरेखा सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया और समिति के सभी सदस्यों को अपनी-अपनी जिम्मेवारी सौंपी गई।

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आर.बी.सी. 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। कुनकुरी तहसील अंतर्गत ग्राम गड़ाकटा निवासी स्व. अमित लकड़ा का तालाब के पानी में डुबने से 09 अक्टूबर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके माता अनिशा लकड़ा हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## घर-घर तिरंगा फहराकर राष्ट्रव्यापी जनभागीदारी आंदोलन का बनें हिस्सा

**जशपुरनगर।** भारत सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। 2 अगस्त से इस अभियान की शुरुआत हुई है, जो 15 अगस्त तक पूरे देश भर में चलाया जाएगा। हर घर तिरंगा अभियान 2025 की शुरुआत स्वतंत्रता सेनानी एवं तिरंगे के प्रारंभिक स्वरूप के डिजाइनर स्वर्गीय पिंगली वेंकैया की जयंती 2 अगस्त के दिन उनके योगदान को स्मरण करते हुए की गई है। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने घरों में तिरंगा फहराकर तिरंगे के साथ अपनी फोटो अपलोड करें। भारत सरकार की ओर से उन्हें एक ऑनलाइन सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिंगली वेंकैया जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि तिरंगे के निर्माण में उनका योगदान को सदैव याद किया जाता रहेगा। उनका यह योगदान हम सभी के लिए गौरव का विषय है। हर घर तिरंगा अभियान आज़ादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में भारत की आज़ादी के प्रतीक के रूप में इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु शुरू किया गया था।





# सारे जहां से अच्छा में भारत पाकिस्तान संघर्ष की झलक

**मुंबई।** प्रतीक गांधी स्टारर जासूसी वेब सीरीज 'सारे जहां से अच्छा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सोमवार को यह ट्रेलर नेटफ्लिक्स इंडिया ने रिलीज किया है। इसमें भारत और पाकिस्तान के बीच ड्रामा और परमाणु संघर्ष की झलक दिखाई गई है। 'सारे जहां से अच्छा' 13 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। ट्रेलर में प्रतीक गांधी ने भारत के रॉ एजेंट का किरदार निभाया है। उन्हें भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में तैनात किया गया है। वह पाकिस्तान में होने वाली परमाणु गतिविधि को रोकने की कोशिश करते हैं। इस दौरान उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ता है। प्रतीक गांधी जैसे ही पाकिस्तान में राजनयिक मामलों के करीब पहुंचते हैं तो उनकी मुलाकात पाकिस्तान के आईएसआई एजेंट से होती है।

## लाइफ Style

# तमन्ना
## रोमियो में शाहिद के साथ आएंगी नजर

शाहिद कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म रोमियो को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज कर रहे हैं। फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। इस फिल्म के साथ अब तमन्ना भाटिया का नाम जुड़ गया है। अभिनेत्री इसमें अहम किरदार निभा सकती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्शन-थ्रिलर फिल्म में तमन्ना भाटिया अहम किरदार निभाएंगी। बताया जाता है कि यह फिल्म इसी साल रिलीज हो सकती है। इससे पहले खबरें थीं कि फिल्म में शाहिद कपूर के साथ तृप्ती डिमरी होंगी। अब इस फिल्म से तमन्ना का भी नाम जुड़ गया है। यह पहला मौका है जब शाहिद कपूर तृप्ति डिमरी के साथ किसी फिल्म में काम करेंगे। दोनों एक -दूसरे के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। वहीं, दूसरी तरफ दावा है कि तमन्ना भाटिया ने इस फिल्म में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म अपने आखिरी चरण में है। बताया जाता है कि यह फिल्म विशाल भारद्वाज की अब तक की सबसे बड़ी कमर्शियल फिल्म है। फिल्म में शाहिद ऐसा किरदार निभा रहे हैं जिनके कई रंग हैं। दिशा पाटनी भी इस फिल्म का हिस्सा होंगी। विशाल भारद्वाज 7 खून माफ, हैदर, कमीने, पटाखा और खुफिया जैसी फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला है। फिल्म रोमियो का नाम पहले अर्जुन उस्तरा था। बताया यह भी जाता है कि रिलीज से पहले फिल्म का जोर-शोर से प्रचार किया जाएगा। फिल्म का पोस्टर सितंबर के अंत तक आएगा।



## हॉलीवुड मसाला

# मीट द पैरेंट्स का करेंगे चौथा पार्ट



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर रॉबर्ट डी नीरो 81 साल के होने के बावजूद भी फिल्मों में सक्रिय है। जल्द ही वह फिल्म मीट द पैरेंट्स के चौथे पार्ट में नजर आएंगे। साल 2000 में रिलीज हुई इस फिल्म में भी उन्होंने ही लीड रोल निभाया था। रॉबर्ट डी नीरो की नई फिल्म का टाइटल भी बदला गया है। रॉबर्ट डी नीरो और बेन स्टिलर स्टारर मीट द पैरेंट्स फ्रैंचाइज की चौथी फिल्म का टाइटल 'फॉकर इन-लॉ' रखा गया है। इस फिल्म का डायरेक्शन जॉन हैम्बर्ग ने किया है। जॉन ने ही पहली तीन फिल्मों की राइटिंग में भी बतौर को-राइटर काम किया था।



# किसी के दांत तो किसी के पैर पर है कॉपीराइट

**लॉस एंजिल्स।** ग्लैमर की दुनिया में दिखावा आम है, जहां सुंदरता बनाए रखने के लिए सर्जरी का सहारा लिया जाता है। कई हॉलीवुड सितारों ने अपने शरीर के अंगों का बीमा कराया है। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी मुस्कान, जेनिफर लोपेज और किम कार्दशियन ने अपने बट का बीमा कराया है। मॉडल हेइडी क्लम ने कथित तौर पर अपने पैरों का 2.2 मिलियन डॉलर का बीमा कराया है। यानी अगर कोई उनके जैसी टांगें पाने की कोशिश करेगा तो उसे ये कीमत चुकानी होगी। हॉलीवुड स्टार किम कार्दशियन ने भी अपने बट का 21 मिलियन डॉलर का बीमा कराया था। मशहूर पॉप स्टार रिहाना ने भी अपने पैरों का बीमा कराया है। उन्हें 'लेग्स ऑफ गॉडेस' का अवॉर्ड भई मिला था। उन्होंने 1 मिलियन डॉलर का इंश्योरेंस कराया है।



# एसएसएमबी 29 की शूटिंग के लिए लौटीं भारत

**मुंबई।** बॉलीवुड और हॉलीवुड फिल्मों में अपनी अदाकारी से सभी के दिलों पर राज करने वाली एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपनी बेटी मालती के साथ भारत लौट आई हैं। सोमवार सुबह उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल की स्टोरी पर अपनी बेटी मालती की प्यारी तस्वीरें शेयर कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है। कथित तौर पर प्रियंका एसएसएमबी 29 की शूटिंग के लिए हैदराबाद आई हैं। प्रियंका ने आज सुबह सोमवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दो शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जो हैदराबाद की हैं। एक तस्वीर में मालती कार की खिड़की से बाहर देख रही हैं। तो वहीं दूसरी तस्वीर में मालती के नन्हें पैर दिखाई दे रहे हैं। प्रियंका ने इस पोस्ट के साथ हैदराबाद पहुंचने की बात कही और कैप्शन में लिखा, 'मां और मालती।' एक और तस्वीर में प्रियंका ने लिखा, 'हैदराबाद हमने कर लिया।'



# एआई की मदद से बनाई रामायण सीरीज

**नई दिल्ली।** रामायण पर इतने टीवी शोज, फिल्में और एनिमेटेड फिल्में बन चुकी हैं, जिनका कोई हिसाब नहीं है। इतना ही नहीं, इस पर लगातार फिल्में बन भी रही हैं। इन दिनों मशहूर बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर भी रामायणम् नाम की फिल्म के लिए लगातार काम कर रहे हैं, जो दो पार्ट में रिलीज होने वाली है। इसका पहला पार्ट अगले साल और दूसरी पार्ट 2027 में रिलीज किया जाएगा। इसी बीच, 'रामायण' जल्द आने वाली एक सीरीज का ट्रेलर भी रिलीज हो चुका है, जो एआई की मदद से बनाई गई है और समस्या ये हो गई कि बहुत से लोगों ने इसे रणबीर की 'रामायणम' का ट्रेलर समझ लिया, जबकि सीरीज 'रामायण' के मेकर्स ने ट्रेलर के साथ कैप्शन में क्लियर कर दिया है कि ये उनकी अपनी ऑरिजनल सीरीज है, जिसे एआई द्वारा तैयार किया गया है।

## टीवी मसाला

# बिग बॉस में हो सकती है तारक मेहता की एंट्री

**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 19 के लिए शैलेश लोढ़ा को अप्रोच किए जाने की खबर है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' धारावाहिक के साथ सालों तक जुड़े रहे शैलेश का सीरियल से कॉन्ट्रोवर्शियल एग्जिट हुआ था। शैलेश लोढ़ा का अचानक शो से हटना काफी चर्चा में रहा था जिसके बाद में एक्टर ने इस बारे में खुलकर अपनी राय भी रखी। इससे पहले इस तरह अचानक शो से हटाए गए कुछ अन्य एक्टर्स को भी बिग बॉस में जगह मिल चुकी है। लेकिन क्या शैलेश लोढ़ा सलमान खान होस्टेड रियलिटी शो में आने के लिए हामी भरेंगे? माना जा रहा है कि इस तरह के शो में उनकी खास रुचि नहीं है, लेकिन फिर भी मेकर्स अभी उनकी हां या फिर ना का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोढ़ी का किरदार निभा चुके गुरुचरण सिंह को बिग बॉस हाउस में लाने की खबर आई थी। मालूम हो कि बिग बॉस का यहां यह 19वां सीजन है, तो उस हिसाब से मेकर्स ने शो में काफी सारे नए बदलाव भी किए हैं जिनमें इस बार शो में रखी जा रही राजनीति वाली थीम भी शामिल है, देखना होगा कि पब्लिक का इसे कैसा रिस्पॉन्स मिलता है।



# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में पक्की हुई इन 2 एक्टर्स की जगह

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में अहम किरदार निभा रहे एक्टर हितेन तेजवानी और ऋतु चौधरी को शो की परमानेंट कास्ट बना दिया गया है। शो में हितेन तेजवानी तुलसी के बेटे करण विरानी का किरदार निभाते हैं और गौरी प्रधान तुलसी की बहू नंदिनी का किरदार निभाती हैं। इसके अलावा ऋतु चौधरी को शो में शोभा का किरदार दिया गया है। पिछले दिनों जब शो में करण और नंदिनी को विदेश जाने वाला प्लॉट आया तो ऐसा माना जाने लगा कि शो से इन किरदारों को हटाया जा रहा है। अब एक ताजा जानकारी में ऐसा सामने आया है कि हितेन तेजवानी, गौरी प्रधान और ऋतु चौधरी के किरदार की शो में जगह पक्की कर दी गई है। बता दें कि करण, नंदिनी और शोभा तीनों ही शो के कुछ सबसे पॉपुलर किरदारों में गिने जाते हैं। शो का दूसरा सीजन शुरू हुआ है तो इसमें भी तीनों एक्टर्स को काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है।



# सैयारा की 300 करोड़ी क्लब में हुई एंट्री...

**मुंबई।** अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म सैयारा ने 300 करोड़ी क्लब में एंट्री ले ली है। यह कारनामा फिल्म ने सोमवार को 18वें दिन कर दिखाया है।



फिल्म विदेशों में भी धमाल कर रही है और वर्ल्डवाइड यह 400 करोड़ी क्लब का हिस्सा बन चुकी है। वहीं, भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह 300 करोड़ी फिल्मों वाली लिस्ट में नाम दर्ज करा चुकी है। फिल्म सैयारा ने रविवार को 17वें दिन आठ करोड़ रुपए का कारोबार किया था। फिल्म का इंडिया नेट कलेक्शन 300.11 करोड़ रुपए हो गया है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म सैयारा 300 करोड़ी कुनबे में शामिल होने वाली ऐसी पहली फिल्म है, जिसमें नए सितारे हैं। वहीं, यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी यह पांचवी फिल्म है, जो 300 करोड़ी बनी है। सबसे तेज 300 करोड़ कमाने के मामले में फिल्म सैयारा ने वॉर, बजरंगी भाईजान और सुल्तान जैसी फिल्मों को धूल चटा दी है। वॉर ने 19 दिन में 300 करोड़ रुपए कमाए थे। वहीं, बजरंगी भाईजान ने 20 दिनों में और सुल्तान ने 35 दिनों में यह कारनामा कर दिखाया था।

# 21वीं सदी की 100 बेहतरीन फिल्मों की सूची में पैरासाइट नंबर एक पर

**नई दिल्ली।** हाल ही में 21वीं सदी (2000 के बाद) की सबसे बेहतरीन 100 फिल्मों की सूची जारी की गई है, जिसमें दुनियाभर के 500 से अधिक निर्देशकों, कलाकारों और क्रिटिक्स ने अपनी पसंदीदा फिल्मों को वोट किया। इस सर्वे में दुनियाभर के लोगों की पसंद, सिनेमा लवर्स और फिल्म मेकर्स के नजरिए को शामिल किया गया। इस सूची में ज्यादातर हॉलीवुड की फिल्में शामिल हैं।

***पहले नंबर पर है पैरासाइट :*** इस सदी की 100 बेहतरीन फिल्मों की लिस्ट में 1 जनवरी, 2000 के बाद से रिलीज हुई फिल्में शामिल हैं। इसमें कई ऑस्कर विनिंग फिल्में भी शामिल हैं। इस लिस्ट की टॉप पर सबसे ऊपर है पैरासाइट, जो साल 2019 में आई थी। बोंग जू एन की यह फिल्म गरीबी, वर्गीय विभाजन और सामाजिक संरचना पर तीखे व्यंग्य के जरिए कहानी कहती है। अमेरिकी इंडस्ट्री इसे 21वीं सदी की अब तक की सबसे प्रभावशाली फिल्म मानती है।



### टॉप पांच में शामिल रहीं ये फिल्में

अब अगर इस लिस्ट की टॉप 10 फिल्मों की बात करें तो, नंबर 1 पर पैरासाइट, फिर – डेविड लिंच की स्यूरेल थ्रिलर मूलोलैंड ड्राइव जो साल 2001 में रिलीज हुई थी। तीसरे स्थान पर साल 2007 में आई फिल्म- थेर विल बी ब्लड है जिसको पॉल थॉमस एंडरसन ने डायरेक्ट किया है। अगले नंबर पर फिल्म इन द मूड फॉर लव- वोंग कर-वाइ की शांति भरी प्रेम कहानी है। पांचवें स्थान पर साल 2016 की फिल्म मूनलाइट है।

### टॉप 10 में शामिल रहीं ये फिल्में

अब सातवें, आठवें और आखिरी दो फिल्मों की बात करें तो लिस्ट में बूढ़ों के लिए कोई देश नहीं (2007), धुंधले दिमाग का शाश्वत प्रकाश (2004), गेट आउट (2017), स्पिरिटेड अवे (2001) – मियाजाकी की एनीमेशन मास्टपिस, द सोशल नेटवर्क (2010) टॉप 10 में अपनी जगह बनाने में सफल रही हैं। नंबर 1 पर काबिज फिल्म पैरासाइट को न केवल क्रीटिक्स ने सराहा है, बल्कि रोटेन टोमेटोज पर इसे 97% सकारात्मक रिव्यू मिले हैं और यह फिल्म ने कुल 4 ऑस्कर (बेस्ट पिक्चर सहित) जीत चुकी है।

## देश की सुरक्षा के लिए एक अंडर कवर एजेंट के रूप में करती है काम

# इन फिल्मों में दिखाया गया कामकाजी महिलाओं का संघर्ष

***नई दिल्ली।** कामकाजी महिलाओं की मेहनत, समर्पण और पेशेवर कामयाबियों को मान्यता देने के लिए पूरी दुनिया में 'सिंगल वर्किंग वुमेन डे' मनाया जाता है। बॉलीवुड ने इस विषय को प्रमुखता से कवर किया है। बॉलीवुड की कई फिल्में हैं जो कामकाजी महिलाओं की कहानी दिखाती हैं।*

**तुम्हारी सुलु :** साल 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'तुम्हारी सुलु' में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है, जो रेडियो जॉकी होती है। इस किरदार को विद्या बालन ने निभाया है। वह एक महत्वाकांक्षी गृहणी होती हैं, जो रात को प्रसारित होने वाले रिलेशनशिप सलाह शो में लोगों को सलाह देती हैं। फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया था। इस फिल्म को दुनियाभर में खूब सराहना मिली।

**नाम शबाना :** साल 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'नाम शबाना' में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है जो देश की सुरक्षा के लिए एक अंडर कवर एजेंट के रूप में काम करती है। इस किरदार को तापसी पन्नू ने निभाया है। तापसी पहले अपने साथ हुए अत्याचार करने वालों से बदला लेती हैं, उसके बाद देश के लिए काम करती हैं। शिवम नायर के निर्देशन में बनी यह फिल्म हिट रही थी।



***मर्दानी :*** *साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म 'मर्दानी' में एक महिला पुलिस अधिकारी की कहानी दिखाई गई है जो अपना काम पूरी मेहनत और लगन से करती हैं। इस किरदार को रानी मुखर्जी ने निभाया है। रानी मुखर्जी एक अपहृत किशोरी की तलाश करती हैं। इस दौरान वह मानव तस्करी के रहस्यों को उजागर करती हैं। फिल्म का निर्देशन प्रदीप सरकार ने किया है। 16 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 57 करोड़ रुपएकमाए थे।*

**कहानी :** फिल्म 'कहानी (2012)' में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है, जिसके पति को कुछ अपराधी जान से मार देते हैं। इस किरदार को विद्या बालन ने निभाया है। विद्या बालन कोलकाता में आती हैं और अपने पति के अपराधियों को ढूंढ कर उनसे बदला लेती हैं। यह एक तरह से उनका काम है। सुजॉय घोष के निर्देशन में बनी इस फिल्म को काफी सराहा गया। 8 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने 1.04 अरब रुपए कमाए।

**थप्पड़ :** फिल्म 'थप्पड़ (2020)' में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है जो पढ़ी-लिखी होती है। वह ऑफिस में काम करने के बजाय घर में काम करना चुनती है। हालांकि, एक दिन जब उनका पति उनको थप्पड़ मार देता है तो तब कहानी बदल जाती है। फिल्म में तापसी पन्नू ने बहुत अच्छा किरदार निभाया है। तापसी पन्नू चाहती हैं कि उनके काम को अहमियत दी जाए, उन्हें इज्जत दी जाए। लेकिन, उनके पति उन्हें घर में काम करने वाली एक अदना सी औरत से ज्यादा नहीं समझते हैं। हालांकि, फिल्म के आखिर में उनका पति उनके काम को अहमियत देता है और माफी मांगता है।

## खबर संक्षेप

### किसानों ने पानी नहीं मिलने पर जताया आक्रोश

**जांजगीर-चांपा।** केरा ग्राम पंचायत के दर्जनों ग्रामीण सोमवार 4 अगस्त को दो बसों में भरकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। किसानों का आरोप है कि उनके खेतों को सिंचाई के लिए अब तक नहर का पानी नहीं मिल पाया है, जिससे खेतों में गहरी दरारें पड़ गई हैं और फसलें सूखने की कगार पर हैं। किसानों ने बताया कि हर साल समय पर नहर का पानी छोड़ने का वादा किया जाता है, लेकिन इस बार अगस्त माह में भी पानी नहीं मिला है। लगातार बढ़ती गर्मी और सूखे की स्थिति के कारण मक्का, धान समेत अन्य फसलें सूख रही हैं।ग्रामीणों ने जन दर्शन में कलेक्टर से मांग की कि नहर में तुरंत पानी छोड़ा जाए ताकि फसलें बच सकें। उनका कहना था कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### 15 अगस्त तक मछली मारने पर लगेगा जुर्माना

**जांजगीर-चांपा।** मछली पालन विभाग द्वारा वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि और संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जिले में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्य उद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3 उपधारा -2 (दो) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम के नियम-3(5) के अंतर्गत अपराध माना जाएगा, जिसमें एक वर्ष तक का कारावास या दस हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों दंड एक साथ दिए जाने का प्रावधान है।

### 10 को मनाया जाएगा विश्व आदिवासी दिवस

**डभरा।** विश्व आदिवासी दिवस रक्षाबंधन होने के कारण सर्व आदिवासी समाज द्वारा 10 अगस्त को मनाया जाएगा। विदित हो कि 9 को प्रतिवर्ष विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। तहसील डभरा में भी सर्व आदिवासी समाज द्वारा प्रतिवर्ष विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है, लेकिन इस बार 9 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व है। इस कारण डभरा के सर्व आदिवासी समाज द्वारा 10 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाने का निर्णय लिया है, जो कि नगर पंचायत डभरा स्थित कृष्णा पैलेश में मनाया जाएगा। आदिवासी समाज के स्थानीय बड़े बुजुर्ग के अगुआई में ही विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया जाएगा साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

### कच्ची महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**फगुरम।** पुलिस ने दबिश देकर एक आरोपी के कब्जे से 11 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा है। मामला फगुरम चौकी का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 4 अगस्त को प्रधान आरक्षक अश्वनी सिदार को जरिये मुखबीर सुचना मिला कि ग्राम बरतुंगा निवासी अजयजीत यादव अवैध कच्ची महुआ शराब बिकी करने हेतु अपने घर मे रखा है। पुलिस टीम ने उसके घर में दबिश दी, जहां अजयजीत यादव के कब्जे से एक पीला रंग के 15 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक जरीकेन में भरा मिला।
उक्त शराब की कीमत 11 सौ रुपए बताई जा रही है।

### चौथी रेल लाइन की महत्वपूर्ण परियोजना, यात्री सुविधाओं में होगा वृद्धि

# रायगढ़ में यार्ड मॉडिफिकेशन का होगा काम, रद्द रहेंगी दो दर्जन से अधिक ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायगढ़ स्टेशन पर चौथी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत यार्ड मॉडिफिकेशन का कार्य किया जाएगा। इसके तहत दो दर्जन से भी अधिक एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया गया है। बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी रेल लाइन परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजना है, जिससे भविष्य में यात्री सुविधाओं में वृद्धि होगी।

दरअसल अधोसंरचना विकास के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अनेक परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। जिसमें बिलासपुर-झारसुगुड़ा के बीच चौथी रेलवे लाइन परियोजना महत्वपूर्ण परियोजना है। बिलासपुर- झारसुगुड़ा एक व्यस्त रेल मार्ग है, जो इस पूरे क्षेत्र को उत्तर व दक्षिण भारत से जोड़ती है। इस मार्ग पर परिचालन को और भी सुचारू बनाने के लिए चौथी रेल लाइन का निर्माण किया जा रहा है। इससे क्षमता आवर्धन के साथ-साथ इस मार्ग पर ट्रेनों की समय बद्धता में भी वृद्धि होगी। ज्ञात हो कि बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच निर्माणाधीन 206 किलोमीटर चौथी रेल लाइन में से अब तक 150 किलोमीटर से अधिक का रेल लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। इसके अंतर्गत बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन के रायगढ़ रेलवे स्टेशन को चौथी लाइन से जोड़ने के लिए नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। यह काम 31 अगस्त से 15 सितम्बर तक विभिन्न तिथियो में होगा।



#### रद्द होने वाली पैसेंजर गाड़ियां

31 अगस्त से 15 सितम्बर तक रायगढ़ से रवाना होने वाली गाडी संख्या 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू, 31 अगस्त से 15 सितम्बर तक बिलासपुर से चलने वाली 68738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू, 31 अगस्त से 15 सितम्बर तक रायगढ़ से रवाना होने वाली गाडी संख्या 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू, 30 अगस्त से 14 सितम्बर तक बिलासपुर से चलने वाली 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू रद्द रहेगी।

#### रद्द होने वाली एक्सप्रेस गाडियां

30 अगस्त से 2 सितम्बर तक टाटानगर से चलने वाली 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस, 31 अगस्त से 3 सितम्बर तक बिलासपुर से चलने वाली 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस, 3 सितम्बर को टाटानगर से चलने वाली 18109 टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस, 3 सितम्बर को इतवारी से चलने वाली 18110 इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस, 30 अगस्त को पुणे से चलने वाली 20822 सांतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस, 1 सितम्बर को पुणे से चलने वाली 20821 पुणे-सांतरागाछी एक्सप्रेस, 31 अगस्त को कामाख्या से चलने वाली 22512 कामाख्या-कुर्ला एक्सप्रेस, 2 सितम्बर को कुर्ला से चलने वाली 22511 कुर्ला-कामाख्या एक्सप्रेस, 29 अगस्त व 01 सितम्बर को हटिया से चलने वाली 22846 हटिया-पुणे एक्सप्रेस, 31 अगस्त व 03 सितम्बर को पुणे से चलने वाली 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस, 27 अगस्त को पुरी से चलने वाली 20813 पूरी-जोधपुर एक्सप्रेस, 30 अगस्त को जोधपुर से चलने वाली 20814 जोधपुर-पूरी एक्सप्रेस, 30 अगस्त को उदयपुर से चलने वाली 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस, 31 अगस्त को शालीमार से चलने वाली 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस, 30 अगस्त को मालदा से चलने वाली 13425 मालदा-सूरत एक्सप्रेस, 1 सितम्बर को सूरत से चलने वाली 13426 सूरत-मालदा एक्सप्रेस, 27 व 28 अगस्त को पोरबंदर से चलने वाली 12905 पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस, 29 व 30 अगस्त को शालीमार से चलने वाली 12906 शालीमार-पोरबंदर एक्सप्रेस, 29 अगस्त को वास्को द गामा से चलने वाली 17321 वास्को द गामा जसीडीह एक्सप्रेस, 1 सितम्बर को जसीडीह से चलने वाली 17322 जसीडीह वास्को द गामा एक्सप्रेस, 29 अगस्त को बिलासपुर से चलने वाली 22843 बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस, 31 अगस्त को पटना से चलने वाली 22844 पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस, 2 सितम्बर को हावड़ा से चलने वाली 12262 हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस, 3 सितम्बर को मुंबई से चलने वाली 12261 मुंबई-हावड़ा एक्सप्रेस, 29 अगस्त को कुर्ला से चलने वाली 12101 कुर्ला-शालीमार एक्सप्रेस, 31 अगस्त को शालीमार से रवाना होने वाली 12102 शालीमार-कुर्ला एक्सप्रेस रद्द रहेगी।



## पार्षद की गाड़ी की टक्कर से 7 साल की मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

■ स्कूल जाते समय हुआ हादसा, वाहन जब्त, पार्षद के खिलाफ मामला दर्ज

मंगलवार सुबह बिलाईगढ़ थाना क्षेत्र में हुई एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। वार्ड क्रमांक 13 निवासी 7 वर्षीय प्रगति देवार, पिता सेतलाल देवार की मौत पार्षद की गाड़ी की टक्कर से हो गई।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब 9.30 बजे प्रगति घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। तभी वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद धनीराम देवांगन अपनी निजी गाड़ी तेज रफ्तार में चला रहे थे। अचानक नियंत्रण खोने से गाड़ी ने मासूम को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर बिलाईगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को जब्त कर लिया। पुलिस ने धारा 106 (1) के तहत पार्षद के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है, लोग मासूम की मौत पर गहरा दुख व्यक्त कर रहे हैं।

## गोठान बना चोरी का अड्डा, पुलिस मूकदर्शक, ग्रामीणों में आक्रोश

■ भेंडरा पंचायत के गोठान से स्टील चादर, गेट और निर्माण सामग्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

घरघोड़ा से लगे ग्राम पंचायत भेंडरा का गोठान इन दिनों चोरों का सुरक्षित ठिकाना बन गया है। लाखों रुपये की सरकारी संपत्ति स्टील की चादरें, गेट, भवन निर्माण सामग्री – दिनदहाड़े गायब हो रही हैं और पुलिस व प्रशासन अब तक गहरी नींद में हैं।

ग्रामीणों के अनुसार यह पहली चोरी नहीं है। जनप्रतिनिधियों ने कई बार घरघोड़ा पुलिस को लिखित और मौखिक शिकायत दी, लेकिन न तो एफआईआर दर्ज हुई और न ही जांच शुरू हुई। पुलिस की इस लापरवाही ने चोरों के हौसले इतने बुलंद कर दिए हैं कि वे अब खुलेआम गोठान को लूट रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि चोरी कोई सामान्य घटना नहीं, बल्कि सुनियोजित गिरोह की करतूत है जो पूरे इलाके में सक्रिय है। भेंडरा ही नहीं, आसपास के अन्य गाँवों से भी सरकारी संपत्तियों की चोरी की खबरें लगातार आ रही हैं। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि सरकार गोठानों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताती है, लेकिन स्थानीय प्रशासन की अनदेखी से यह लाखों का संसाधन बर्बाद हो रहा है। अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो गोठान खंडहर में तब्दील हो जाएगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल एफआईआर दर्ज कर चोरी की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, गोठान में चौकीदारी व्यवस्था दोबारा शुरू की जाए, और चोरों को पहचानकर गिरफ्तार किया जाए। चेतावनी दी गई है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई, तो ग्रामीण धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।



### माँ बंजारी धाम में एसडीएम रमेश कुमार मोर का सम्मान

**तमनार।** सर्वशक्तिपीठ बंजारी माई धाम, तराईमाल में रविवार को एक गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें माँ बंजारी धाम समिति ने एसडीएम रमेश कुमार मोर को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। वर्ष 2024 से समिति के सचिव के रूप में श्री मोर ने धाम परिसर में सौंदर्यीकरण कार्य, जलाशय बाउंड्री निर्माण, हनुमान मंदिर के सामने पक्का शेड, 12 सामुदायिक भवनों के भूमिपूजन, मुख्यमंत्री द्वारा महान विभूतियों की प्रतिमा अनावरण, इतिहास दर्शन पुस्तक विमोचन, सुव्यवस्थित पूजन-दर्शन व्यवस्था, भोजन महाभंडारा सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। उनके इन सराहनीय कार्यों के लिए समिति ने माता की छतरी, श्रीफल और साल भेंटकर सम्मानित किया तथा कोटि-कोटि आभार व्यक्त किया। सम्मान समारोह में रंगबल्लभ मालाकार, तरुणीसेन मालाकार, सरपंच अनन्त राम भगत, श्याम मालाकार, पितरु पटेल, चिरकुट मालाकार, पंचराम मालाकार, घनश्याम मालाकार, दुलेंद्र पटेल, पद्मलोचन प्रधान, मनोज दास, टिकेंद्र पटेल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ओपी जिंदल विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह संपन्न

■ प्रो. गोयल ने विद्यार्थियों को दिया सार्थक जीवन का संदेश

**रायगढ़।** ओपी जिंदल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. गोयल ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय की मूल्यपरक, उद्योग-संगत और समग्र शिक्षा प्रणाली की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह संस्थान न केवल अकादमिक उत्कृष्टता प्रदान करता है, बल्कि विद्यार्थियों में चारित्रिक विकास, वैश्विक दृष्टिकोण और सामाजिक चेतना का भी निर्माण करता है।

अपने निजी अनुभव और विश्वविद्यालय से जुड़े पलों को साझा करते हुए प्रो. गोयल ने विद्यार्थियों से कहा कि सच्ची सफलता वही है, जब व्यक्ति अपने ज्ञान और कौशल से समाज, राष्ट्र और मानवता के लिए योगदान दे सके। उन्होंने विद्यार्थियों को न केवल सफल करियर, बल्कि सार्थक जीवन की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। साथ ही एनईपी 2020 के उद्देश्यों और शिक्षा क्षेत्र में उससे होने वाले लाभों की विस्तार से जानकारी दी। समारोह में सभी ग्रेजुएटिंग छात्रों को पदक और डिग्रियाँ प्रदान की गईं। मंच पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और उनकी उपलब्धियों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव डॉ. अनुराग विजयवर्गीय ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। संचालन मानविकी विभाग के प्राध्यापक डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. गिरीश चंद्र मिश्र (डीन, स्कूल ऑफ साइंस) और डॉ. सुरेंद्र द्विवेदी (प्रोफेसर, मैकेनिकल इंजीनियरिंग) ने किया। इस अवसर पर सभागार में विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने समारोह को और अधिक जीवंत और उत्साहपूर्ण बना दिया।




## अघरिया भवन में सावन तीज महोत्सव की रंगारंग धूम

**रायगढ़।** अखिल भारतीय अघरिया समाज महिला मंच रायगढ़ द्वारा 2 अगस्त को अघरिया भवन में सावन तीज महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। हरियाली और उत्साह से भरे माहौल में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा और लोक संस्कृति के रंग बिखेरे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल, विशिष्ट अतिथि श्रीमती तारेश्वरी नायक सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन व पूजा अर्चना से हुआ। अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज की परंपराओं को सहेजना और सामाजिक समरसता को बढ़ाना है। मंच पर झूला गीत, लोकनृत्य, गीतों की प्रस्तुति, सजने संवरने की प्रतियोगिता और सावन क्वीन चयन जैसे कार्यक्रम हुए।



वरिष्ठ वर्ग में शकुन पटेल प्रथम, उत्तरा पटेल द्वितीय और गौरी पटेल तृतीय रहीं, जबकि कनिष्ठ वर्ग में रानू पटेल प्रथम, डॉ. आंचल पटेल द्वितीय और मनीषा पटेल तृतीय को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनीता पटेल, कमला नायक, प्रियंका पटेल, गिरिजा, निशि पटेल, कृष्णा पटेल, मीना पटेल, शकुन पटेल, डोल पटेल, नीलिमा पटेल, सरोज पटेल, जया पटेल और प्रभारी केंवरा पटेल का विशेष योगदान रहा।

## शिवलिंग की स्थापना एक आस्था एक विश्वास का संकल्प : चंद्रदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

सावन के अंतिम सोमवार को महानदी जैतपुर घाट पर आयोजित मेले में हजारों श्रद्धालु जलाभिषेक और पूजन के लिए पहुंचे। इस अवसर पर पूर्व विधायक चंद्रदेव राय व उनकी पत्नी ने प्रसाद वितरण कर श्रद्धालुओं की सेवा की।
मेले में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री राय ने बताया कि जैतेश्वर महादेव शिवलिंग की स्थापना उनके लिए केवल एक धार्मिक कार्य नहीं, बल्कि आस्था और संकल्प की यात्रा रही। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के समय से ही वे जैतपुर महानदी तट पर स्नान करने आते थे, लेकिन वहां शिव मंदिर, मूर्ति विसर्जन की व्यवस्था, पक्की पचरी और रास्ते का अभाव उन्हें हमेशा खटकता था। विधायक बनने के बाद मकर संक्रांति मेले में टूटे-फूटे शिवलिंग को देखकर उन्होंने स्वयं निर्माण का संकल्प लिया।



#### संघर्ष और संकल्प से शुरू हुआ निर्माण

जेसीबी से खुदाई कर निर्माण शुरू किया गया, लेकिन बाढ़ की आशंका के चलते स्थान को 70-80 फीट दूर और ऊंचाई पर शिफ्ट किया गया। लोगों की राय सुनकर उन्होंने तय किया कि शिवलिंग पुल की ऊंचाई से भी ऊपर स्थापित होगा। कीचड़ और जोखिम भरे हालात में 51 फीट ऊंचाई पर मुरम भराई, मंच निर्माण और समतलीकरण का कार्य युद्धस्तर पर हुआ। जनसहयोग से भव्य शिव आसन तैयार हुआ और 18 फरवरी 2023 को महाशिवरात्रि के अवसर पर राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज के करकमलों से शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई।

## हजारों श्रद्धालुओं के बीच पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता चीकू

**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र के ग्राम कलमी में स्थित स्वयंभू शिव मंदिर बाबा गुप्तेश्वर धाम की ख्याति न केवल जिले में बल्कि आस-पास के जिलों में भी है। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सुबह से ही मंदिर परिसर में चार कतारों में महिलाएं और पुरुष अलग-अलग पंक्ति में खड़े होकर लगभग एक घंटे से अधिक समय में जलाभिषेक कर रहे थे। तपती धूप में भी श्रद्धालुओं के चेहरे पर उत्साह बना रहा।

धार्मादा ट्रस्ट समिति और अन्य स्थानीय समितियों ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सेवा की जिम्मेदारी निभाई। मंदिर परिसर में मां अन्नपूर्णा समिति द्वारा भंडारा चलाया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने अन्न प्रसाद प्राप्त किया। ट्रस्ट ने खीर, बूंदी और घर जाते समय अतिरिक्त प्रसाद भी वितरित किया। इसी बीच रायगढ़ से सामाजिक कार्यकर्ता चिकु अग्रवाल अपने साथियों के साथ मंदिर पहुंचे और ट्रस्टी प्रमुख सफेद गुप्ता, लेकरू देहरी, हरि साहू सहित अन्य लोगों से मुलाकात कर व्यवस्था की सराहना की। कलमी का मुख्य पहुंच मार्ग ग्राम मचिदा से होकर गुजरता है, जो सिंगल सड़क है। ट्रस्टी और मचिदा निवासियों ने इस मार्ग के चौड़ीकरण के लिए क्षेत्रीय विधायक व मंत्री ओपी चौधरी को आवेदन दिया है। नगर पंचायत पुसौर के उपाध्यक्ष उमेश साव ने बताया कि सोमवार तड़के 4 बजे से श्रद्धालु पहुंचने लगे थे।



न्यायालय नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
-: ईश्तहार :-
बी-121/2024-25
ग्राम-पिकरी, प.ह.नं.-14
जारी दिनांक 04.07.2025
पेशी दिनांक: 8.8.2025
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक चक्रधर जायसवाल पिता छेदीलाल जायसवाल, जाति-कलार, निवासी पिकरी, तहसील- सारंगढ़, जिला-सारंगढ-बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक अपने पुत्रा डॉली जायसवाल का जन्म दिनांक 27.03.2010 को ग्राम पिकरी तहसील सारंगढ़ में हुआ है जिसका जन्म पंजीयन के नियमों का अज्ञानतावश होने से जन्म तिथि का पंजीयन नहीं कराना बताया गया है। जिसका आवेदन पत्र, शपथ पत्र, ईश्तहार शुल्क प्रस्तुत कर जन्म तिथि का पंजीयन किया जाकर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 8.8.2025 को या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से ठोस दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 04.07.2025 को न्यायालय के पद मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सारंगढ़

### उद्यान विभाग की तकनीकी मदद से खेती को मिली नई दिशा

# 10 एकड़ में लगाया आयल पाम, बनेगा आय का जरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के लिए शासन-प्रशासन लगातार प्रयासरत है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिले में उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रायगढ़ विकासखंड के ग्राम चक्रधरपुर के किसान एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य राजेंद्र मेहर ने अपने 10 एकड़ खेत में 570 आयल पाम के पौधों का रोपण कर नई मिसाल पेश की है।

श्री मेहर ने बताया कि उनकी यह भूमि लंबे समय से खाली पड़ी थी। वे काफी समय से उद्यानिकी फसल लगाने की सोच रहे थे, लेकिन तकनीकी जानकारी के अभाव में कदम नहीं बढ़ा पा रहे थे। उद्यान विभाग से संपर्क करने पर न केवल उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन मिला, बल्कि आयल पाम की खेती से होने वाले दीर्घकालिक लाभों की भी जानकारी दी गई, जिससे प्रेरित होकर उन्होंने यह निर्णय लिया। उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के अनुसार, ऑयल पाम योजना के तहत प्रति हेक्टेयर 29 हजार रुपये मूल्य के 143 पौधे किसानों को निःशुल्क दिए जा रहे हैं। पौध रोपण, फेंसिंग, सिंचाई, रखरखाव और अंतरवर्तीय फसलों सहित कुल लागत लगभग 3.90 लाख से 4 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर आती है। इस पर केंद्र सरकार 1 लाख रुपये और राज्य सरकार 1 लाख रुपये का अनुदान देती है। शेष राशि के लिए बैंक ऋण सुविधा उपलब्ध है।



#### तीसरे वर्ष से मिलेगा उत्पादन

ऑयल पाम का उत्पादन तीसरे वर्ष से शुरू होता है और लगभग 25 से 30 वर्षों तक लगातार चलता है। पौधों की उम्र बढ़ने के साथ उपज भी बढ़ती है। एक हेक्टेयर से हर साल 15 से 20 टन उपज की संभावना होती है, जिससे किसान को 2.5 से 3 लाख रुपये तक की वार्षिक आय हो सकती है। ऑयल पाम पौधों के बीच पर्याप्त दूरी होने के कारण किसान वहां सब्जी या अन्य अंतरवर्तीय फसलें भी ले सकते हैं, जिसके लिए अतिरिक्त सब्सिडी दी जा रही है। 2 हेक्टेयर से अधिक रोपण पर बोरवेल खनन हेतु 50 हजार रुपये तक का अतिरिक्त अनुदान भी उपलब्ध है।

#### बिक्री की चिंता नहीं, सरकार ने किया

सबसे बड़ी राहत यह है कि उत्पादित फसल की बिक्री के लिए भारत सरकार ने अनुबंधित कंपनियों की व्यवस्था की है, जो किसानों के खेत से ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी करती हैं। भुगतान सीधे किसानों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से किया जाता है, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो जाती है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि चक्रधरपुर के इस प्रयास से आसपास के किसानों को भी प्रेरणा मिलेगी और जिले में आयल पाम की खेती का दायरा तेजी से बढ़ेगा।

